भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 5029</u>

<u>बुधवार, 24 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि

5029. श्री असीत कुमार मालः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

क्या देश में तथा विभिन्न राज्यों में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की राशि में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है तथा यदि हां, तो वर्ष 2015-2016, 2016-2017, 2017-2018 एवं 2018-2019 के दौरान भारत एवं विभिन्न राज्यों को प्राप्त प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की राशि कितनी है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

देश में राज्य-वार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) अंतर्वाह के आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं। वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान देश में प्राप्त वर्ष-वार एफडीआई अंतर्वाह निम्नलिखित तालिका में देखा जा सकता हैः

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**कुल एफडीआई अंतर्वाह (अमरीकी बिलियन डॉलर)**
1.	2015-16	55.56
2.	2016-17	60.22
3.	2017-18 (पी)	60.97
4.	2018-19 (पी)	64.38

(पी) – ये आंकड़े अनंतिम हैं और आरबीआई के मिलान के अध्यधीन है।

*****